
**बुधवार**
17 जुलाई 2024



पृष्ठ 4
**अब नहीं खरीदना पड़ेगा बाजार...**



पृष्ठ 5
**स्टाइलिश आउटफिट पहन अनुष्का सेन...**



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 162
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

वाणी चाँदी है, मौन सोना है,
वाणी पार्थिव है पर मौन दिव्य।
— कहावत

# दूनवैलीमेल

आर.एन.आई.- 59626/94
सांध्य दैनिक
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# अंतर्राज्यीय हथियार सप्लायर पुलिस मुठभेड़ में घायल

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार में घातक हथियारों की सप्लाई करने आ रहा एक अंर्तराज्यीय हथियार सप्लायर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आमने सामने हुई मुठभेड़ में हथियार सप्लायर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। जिसके पास से पुलिस ने 7 पिस्टल, एक तमंचा व 11 कारतूस बरामद किये है। आरोपी शातिर किस्म का बदमाश है जिस पर युपी, उत्तराखण्ड व गोवा सहित विभिन्न राज्यों में लगभग 25 मुकदमें दर्ज है।

जानकारी के अनुसार बीती देर रात सीआईयू से मिले इनपुट में कोतवाली रूड़की पुलिस, सीआईयू और एसओजी



टीम द्वारा रुड़की-कलियर थाना बॉर्डर स्थित काँवड पटरी पर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। रात करीब 00:45 बजे पुलिस चैकिंग होते देख एक बाइक सवार अचानक वापस मुड़कर भागने लगा। जिसे रोकने के लिए पुलिस कर्मी आगे बढ़े ही थे कि उक्त बाइक सवार ने पुलिस कर्मियों पर फायर झोंक दिया और वापस रुड़की की ओर भाग गया। आर.टी सैट से मामले की सूचना कंट्रोल रूम को भेजी गई। जिस पर पुलिस दलबल के साथ बदमाश का पीछा करने

**❑7 पिस्टल, 1 तमंचा व 11 कारतूस बरामद**

लगी। इस दौरान उक्त बाइक सवार द्वारा बाइक शेरपुर की ओर भगा दी गयी। लेकिन पुलिस की घेराबंदी के कारण बाइक फिसल गयी और बदमाश नीचे गिर गया। जिसके बाद बदमाश द्वारा पुलिस वाहन पर लगातार दो फायर झोंके गये। पुलिस टीम के जवाबी फायर से बदमाश लड़खड़ा कर नीचे गिर गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 7 देशी पिस्टल, एक तमंचा, 11 कारतूस, एक डोंगल व मोबाइल फोन बरामद हुआ। घायल बदमाश साजिद उर्फ पिस्टल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल रुड़की में भर्ती कराया गया। पुलिस द्वारा जानकारी लेने पर पता चला कि घायल बदमाश साजिद के खिलाफ उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, गोवा सहित अन्य राज्यों में ढाई दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज है, साथ ही जानकारी मिली कि वह हरिद्वार में उक्त हथियारों की सप्लाई देने आया था। अंर्तराज्यीय हथियार सप्लायर को पकड़ने वाली पुलिस टीम ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# आज और कल भारी बारिश का अलर्ट

विशेष संवाददाता

देहरादून। बीते दो दिन थोड़ी राहत के बाद एक बार फिर सूबे के मौसम का मिजाज बदल रहा है। राज्य में 2 दिन अच्छी बारिश होने वाली है। मौसम विभाग द्वारा पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों के लिए येलो तो बाकी सभी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड में बारिश के चलते भूस्खलन की घटनाओं के कारण तमाम सड़के बाधित हो चुकी है। वहीं कुछ स्थानों पर बाढ़ और जल भराव के कारण भारी नुकसान हो रहा है। बीती रात से हल्द्वानी में हो रही भारी बारिश के कारण देव खड़ी नाले में उफान आ गया जिसमें दो कारें बह गई। क्षेत्र के कलसिया व खलसिया नालों में भारी बारिश के कारण क्षेत्र के आवासीय भवनों को पहले ही भारी नुकसान हो चुका है।

**❑हल्द्वानी के देवखड़ी नाले में बही दो कार, रुड़की के आवासीय क्षेत्र में जल भराव, पौड़ी में भूस्खलन से सड़क बंद, यात्री फंसे**

उधर पिथौरागढ़ के मुंसियारी रोड पर मदकोट के पास तेज बारिश के बाद पहाड़ से झरना फूट पड़ा जिससे लोग दहशत में आ गए। पौड़ी में एनएच-534 में कोटद्वार-दुगड्डा मार्ग पर भारी भूस्खलन से सड़क मार्ग बाधित हो गया है। जहां बड़ी संख्या में यात्री फंसे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक इस सड़क के आज खुल पाने की संभावना नहीं है, ऐसे में जो लोग यहां फंसे हैं अगर और बारिश होती है तो उनकी मुसीबतें बढ़नी तय हैं। चमोली से प्राप्त समाचार के अनुसार यहां ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

## डोडा में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई गोलीबारी, भागे आतंकी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के एक वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच चार घंटे के भीतर दो बार गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सबसे पहले मंगलवार रात 10.45 बजे कलां भाटा में गोलीबारी की घटना हुई, इसके बाद देसा वन क्षेत्र में जारी आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान देर रात दो बजे पंचन भाटा के पास गोलीबारी हुई। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को यहीं पर सेना के चार जवान शहीद हो गए थे। अधिकारियों के मुताबिक, गोलीबारी की दोनों घटनाओं में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि आतंकवादी अंध रे, दुर्गम इलाके और घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान दल के जवानों ने सोमवार देर शाम डोडा शहर से लगभग 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र के धारी गोट उरबागी में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। अधिकारियों ने बताया कि खराब मौसम और दुर्गम इलाके के बावजूद आतंकवादियों की तलाश की जा रही है। ये आतंकवादी पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हुए हैं।

## सबका साथ सबका विकास की जरूरत नहीं, जो हमारे साथ हम उनके साथः शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल में नेता विपक्ष और बीजेपी लीडर शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को बड़ा बयान दिया है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा, आप (बीजेपी नेता) सभी कहते हैं- श्सबका साथ, सबका विकासश, लेकिन अब हम यह नहीं कहेंगे। अब हम कहेंगे श्जो हमारा साथ, हम उनके साथ।।श सबका साथ, सबका विकास कहना बंद करो। अल्पसंख्यक मोर्चा की भी जरूरत नहीं है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा, जो हमारे साथ, हम उसके साथ। सबका साथ, सबका विकास बंद करो। हमें अल्पसंख्यक मोर्चे की भी जरूरत नहीं है। अंत में उन्होंने जय श्री राम के नारे लगाए।




सभागार में शुभेंदु के भाषण पर कार्यकर्ताओं ने तालियां बजाकर स्वागत किया।

अधिकारी का ये बयान प्रधानमंत्री मोदी के उस नारे से अलगाव रखता है जो उन्होंने 2014 में सत्ता में आने के बाद दिया था। पीएम मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देकर संपूर्ण भारत को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने की बात कही थी।

उन्होंने दावा किया कि उपचुनाव में हजारों लोग अपना वोट नहीं डाल सके। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव में भी लाखों हिंदुओं को वोट डालने नहीं दिया गया। माना जा रहा है कि शुभेंदु अधिकारी ने अपने भाषण से साफ कर दिया कि बीजेपी बंगाल में हिंदू वोटों के ध्रुवीकरण की दिशा में काम करेगी। बंगाल बीजेपी का मानना है कि लोकसभा चुनाव में मुस्लिम वोटरों ने एकजुट होकर टीएमसी को वोट दिया। जबकि हिंदू वोटर अलग अलग पार्टियों में बंट गए। इस मौके पर शुभेंदु अधिकारी ने एक पोर्टल भी लॉन्च किया।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# आईने से आंख मिलाने का हौसला

लोकसभा के चुनावी नतीजों ने देश को एक मजबूत विपक्ष देकर लोकतंत्र को सिर्फ नई ताकत ही नहीं दी है बल्कि उस भाजपा के नेताओं को आईने से आंख मिलाने का हौसला भी दिया है जिसके बारे में कहा जाता है कि आईना कभी झूठ नहीं बोलता। बीते 10 सालों के मोदी शासन काल में जो भाजपा के नेता यह तक भूल गये थे कि वह भी नेता है सांसद और विधायक या मंत्री हैं और उन्हें भी अपनी बात कहने का हक है वह सिर्फ मोदी-मोदी करने या रटने के लिए ही नहीं बने है, उन्हें इस चुनाव के नतीजों ने आईने से आंखें मिलाने का हौसला भी दिया है। यूं तो अब अनेक भाजपा नेता खुलकर अपनी बात सामने रखते हुए यहां तक कह रहे हैं कि अब पार्टी मोदी के दम पर या मंदिर-मस्जिद और मुसलमान के मुद्दे पर चुनाव नहीं जीत सकती है, लेकिन इसकी एक बानगी उत्तराखंड में देखने को मिली जब पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत ने कार्य समिति की बैठक में तमाम बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं के सामने वह सब कुछ कह डाला जिसे कहने का साहस वह अपने पूरे राजनीतिक जीवन में नहीं कर सके, या बीते 10 सालों में इस पार्टी का कोई नेता नहीं कर सका है। उनका यह कहना कि अब नेता पीछे छूट गए हैं और जनता आगे निकल चुकी है। भाजपा नेतृत्व को यह साफ संदेश देता है कि जनता पर आपकी तानाशाही अब नहीं चल सकती है। मोदी के चेहरे पर चुनाव जीतने वाले सांसदों को यह नहीं समझना चाहिए कि उन्होंने कोई तीर मार लिया आज जो मंच पर बैठे हैं कल वह सबसे पीछे वाली लाइन में बैठे नजर आ सकते हैं और जो पीछे बैठे हैं वह सबसे आगे हो सकते हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं की ताकत क्या होती है? इसे समझने की जरूरत है। उनकी उपेक्षा आपको कितनी महंगी पड़ सकती है यह नहीं भूलना चाहिए। बाहर से आने वालों को तरजीह देना और अपने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का नतीजा हमारे सामने है। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट जो कहते थे कि आप भाजपा के साथ आओ आपको चुनाव जिताकर संसद व विधानसभा में भेजना की हमारी गारंटी है, उन्हें तीरथ ने जिस तरह आईना दिखाया उसका कोई जवाब नहीं हो सकता। इस मंच से उन्होंने जो कहा जिस भी शब्दावली में कहां जिसके भी बारे में कहा भले ही किसी को अच्छा लगा हो या न लगा हो लेकिन मंच से नीचे बैठे कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने जिस तरह तालियां बजाकर उनका समर्थन किया वह यह बताता है कि उन्होंने जो कहा सच कहा और वह भाजपा के कार्यकर्ताओं को जरूर अच्छा लगा। तीरथ जैसा सच्चा और पक्का कोई भाजपाई ही इतना बड़ा साहस दिखा सकता है, किसी चापलूस नेता के पास इतनी हिम्मत हो ही नहीं सकती है। भाजपा उनके द्वारा दिखाए गए आईने से क्या सबक लेती है? या दूसरे नेता इससे कितना चिढ़ते हैं अलग बात है, लेकिन इस सच बयानी के लिए तीर्थ सिंह रावत साधुवाद के पात्र जरूर है।

# स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने न्यू त्रिवेणी कालोनी के पास एक महिला को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडी हुई। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 7.87 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अ पना नाम रेखा साहनी पत्नी सुरेन्द्र साहनी निवासी चन्द्रभागा ऋषिकेश बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# पीडीए आर्मी सामाजिक संगठन का हुआ गठन

संवाददाता

देहरादून। डीएवी पीजी कालेज के पूर्व छात्र संघ प्रतिनिधि साहिल यादव ने पीडीए आर्मी सामाजिक संगठन का गठन किया। आज यहां परेड ग्राउंड स्थित एक



क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए डीएवी पी जी कालेज के पूर्व छात्रसंघ प्रतिनिधि साहिल यादव ने उत्तराखण्ड के सभी सैनिकों जिन्होंने देश के लिए शाहदत दी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके बाद साहिल यादव ने पीडीए आर्मी के गठन का प्रस्ताव रखा। जिसको सभी सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से पारित किया। पीडीए आर्मी में साहिल यादव को राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष चुना गया। यादव ने बताया कि पीडीए आर्मी का मुख्य उद्देश्य देश सेवा, भाईचारा, गरीबों के हक के लिए लडना, देश में गरीब बच्चों के लिए शिक्षा के लिए काम किया जायेगा। इस अवसर पर पंकज आर्य, आफताब आलम, अमन, अनिल यादव, किशोर सिंह रावत अनामिका बिष्ट व महक रावत मौजूद रहे।

# बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

संवाददाता

कोटद्वार। राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने सम्मानित किया।



आज यहां राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर खिलाड़ियों के कोटद्वार पहुँचने के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने दल के सभी 15 बॉक्सर्स एवं उनके कोच का राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कोटद्वार में सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने उत्तराखण्ड के गौरव अपने पिता पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार मेजर जनरल भुवन चंद्र खण्डूडी के इच्छानुसार अपनी सामाजिक संस्था "जय दुर्गा सामाजिक कल्याण संस्था" के माध्यम से एक आर.ओ वाटर कूलर स्टेडियम में आने वाले खिलाड़ियों को भेंट किया। उन्होंने ने अपने पिता के बातों को रखते हुए कहा कि उनके पिता हमेशा ही युवाओं एवं खिलाड़ियों के उत्थान के लिये कार्य किया और वो आज भी उनकी चिंता करते हैं। विध नसभा अध्यक्ष ने बताया राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का 6 सीजन देहरादून में 14 जुलाई से 16 जुलाई तक आयोजित किया गया था। राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कोटद्वार से धर्मेंद्र थापा ने 44 से 46 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, अंशवीर ने 46 से 48 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, अभिषेक ने 48 से 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, अयान खान ने 50 से 52 किलोग्राम भारत वर्ग में रजत पदक, आरोहण सिंह ने 52 से 54 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, मानसी नेगी ने 56 से 70 किलोग्राम भारत क में स्वर्ण पदक, सार्थक ने 80 से ऊपर भार वर्ग में रजत पदक, लक्की बगड़वाल ने 54 से 57 किलोग्राम पार्क वर्ग में कांस्य पदक, भूमि थापा ने 54 से 57 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, प्रिय नेगी ने 57 से 60 किलोग्राम भारत वर्ग में कांस्य पदक हासिल किए। उन्होंने बताया एक छोटे से शहर कोटद्वार से आज हम राज्य स्तर पर अपनी कीर्ति खेलों के माध्यम से स्थापित कर पा रहे हैं, ये इसी मुहिम का एक परिणाम है। आने वाले कल में यही बच्चे देश का नाम रोशन करेंगे।

ऋतु खण्डूडी ने सभी खिलाड़ियों समेत उनके बॉक्सिंग कोच श्याम सिंह डांगी को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, विजय लखेड़ा, नीना बेंजवाल, रजनी बिष्ट, आशा, संगीता सुंदरियाल, आदि लोग उपस्थित रहे।

# नगर निगम चुनाव में जन समस्याओं को बनायेंगे मुद्दाः शर्मा

संवाददाता

देहरादून। महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि नगर निगम चुनाव में महानगर कांग्रेसजन महंगाई, बेरोजगारी सहित विभिन्न जनसमस्याओं को जनता के सामने मुद्दो को जनता के सामने उजागर करेंगे।

आज यहां महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि महानगर के कांग्रेसजन आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर कमर कस चुके हैं। कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर निगम चुनावों में आम जन समस्याओं के साथ-साथ महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं, दलितों के साथ हो रहे अत्याचार की घटनाओं, मलिन बस्तियों के मालिकाना हक, स्मार्ट सिटी के नाम पर आम जनता को हो रही परेशानी के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि छः माह पूर्व नगर निगम का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है परन्तु भाजपा सरकार अपनी नाकामियों के चलते नगर निकायों के चुनाव नहीं कराना चाहती है। शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में समाज का प्रत्येक वर्ग परेशान है राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है चाहे अंकिता भंडारी हत्याकांड हो या हरिद्वार में नाबालिग के साथ बलात्कार की घटना इनमें सत्ताधारी दल के नेताओं की संलिप्तता से रक्षक ही भक्षक वाली कहावत से पूरा महिला समाज भयभीत है। लालचन्द शर्मा ने कहा कि देहरादून महानगर के कई क्षेत्रों में नशे का कारोबार बढता जा रहा है तथा युवा पीढ़ी नशे की लत में पड चुकी है। नशे के कारोबारियों द्वारा इन्जीनियरिंग कॉलेज के नौनिहालों को अपना शिकार बनाया जा रहा है। शहर के कई हिस्से अंधेरे में डूबे रहते हैं स्ट्रीट लाइटों का रखरखाव नियमित नहीं हो रहा है। शर्मा ने कहा कि शहर की मलिन बस्तियों के मालिकाना हक के लिए कांग्रेस पार्टी लड़ाई लडती जा रही है परन्तु भाजपा सरकार इन्हें तोड़ने की बात कर रही है जबकि मलिन बस्तियों में लाईट, पानी के कनेक्शन के साथ ही विधायक निधि से सड़कों का निर्माण भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नगर निगम चुनाव में इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए जनता से देहरादून के विकास में सहयोग की अपील करेगी।

# वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने किया वृक्षारोपण

संवाददाता

देहरादून। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने हरेला पर्व पर हाथीबडकला में वृक्षारोपण किया।




आज यहां विजयपुर हाथी बडकला (नयागांव) वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति विजयपुर हाथी बडकला (नयागांव) ने उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला के शुभ अवसर पर शनि मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह थापा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समिति के सदस्य, ग्रामवासी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर परिसर में पौधों के रोपण से हुआ। इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष यू एन मालकोटी, महेन्द्र सिंह नेगी, डी एन थपलियाल, खेम बहादुर थापा समिति के उपाध्यक्ष दरबान सिंह बिष्ट, मन्दिर समिती के सचिव नमो नारायण थापा, ग्राम पुरोहित पंडित माधव प्रसाद, कोषाध्यक्ष नारायण शर्मा, महा सचिव चन्द्रबीर थापा, कोषाध्यक्ष डी बी क्षेत्री सहित समिति के तमाम सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित थे। अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह थापा ने इस अवसर पर वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। वे वायु को शुद्ध करते हैं, धरती को कटाव से बचाते हैं और जलवायु को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल करें।

थापा ने कहा कि समिति का लक्ष्य है कि आने वाले समय में गांव में और भी अधिक पेड़ लगाए जाएं। उन्होंने ग्रामवासियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में समिति का सहयोग करें। यह कार्यक्रम ग्रामवासियों के लिए प्रेरणादायी रहा। हरेला पर्व के अवसर पर आयोजित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम ने ग्रामवासियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# चमत्कारिक महिला अवतरित

हरिशंकर व्यास

इन दिनों इंटरनेट पर एक चमत्कारिक महिला अवतरित है। वह लोगों को 30-30 सेकेंड के टिप्स दे रही है, जिससे उनकी समस्याएं चुटकियों में खत्म हो जाएंगी। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे उसके कई वीडियोज में एक वीडियो में वह महिला बताती है कि जिनके खिलाफ मुकदमे चल रहे हैं वे अदालत में जाएं और वहां की कैंटीन से एक पेप्सी की बोतल खरीद कर सारी पेप्सी वहां के टॉयलेट में बहा दें और बोतल व ढक्कन साथ लेकर आ जाएं तो मुकदमे का फैसला उनके पक्ष में हो जाएगा।

ऐसा लग रहा है कि निर्मल बाबा की सक्रियता कम होने से जो जगह खाली हुई है उसे भरने की प्रतिस्पर्धा में इस महिला ने बाजी मारी है। दो दो सिगरेट एक साथ पीने वाली एक दूसरी महिला, सिगार वाली माता भी इन दिनों सोशल मीडिया में धूम मचाए हुए हैं। एक तीसरी महिला लोगों के थोड़े से बाल काट कर उनकी सारी समस्याओं को खत्म करने का दावा करती है। उसका भी जलवा सोशल मीडिया में बहुत दिख रहा है। मंत्र पढ़ कर बीमारी ठीक करने वाले एक बाबा की भी इन दिनों बहुत चर्चा है। मतलब यह है कि जिन बाबाओं को जमीन पर स्पेस नहीं मिल रहा है उनके लिए इंटरनेट का स्पेस है, जहां उन्होंने लाखों, करोड़ भक्त बना लिए हैं।

सवाल है कि 21वीं सदी में ऐसा क्या हुआ, जिससे अचानक ऐसे बाबाओं, साधुओं की बाढ़ आई और ऐसी क्या परिघटना हुई, जो अपने 33 करोड़ देवी देवताओं के होते हुए भी दुखिया लोग इन बाबाओं की शरण में अपने लिए राहत खोजने में लगे है? इसके तीन स्पष्ट कारण हैं। पहला आधुनिक समय में लोगों की बढ़ती मुश्किलें और उनका समाधान नहीं होना। दूसरा, सांस्थायिक रूप से अंधविश्वास को बढ़ावा देना और तीसरा, हिंदू धर्म के अंदर इस्लाम और ईसाई धर्म के चमत्कार की बातों को स्वीकार करके उनके जैसा बनने की प्रवृत्ति।

पहले और तीसरे कारण को एक साथ मिला कर अगर बारीकी से देखें तो ऐसे सारे बाबा चमत्कार दिखाने का वादा करके लोगों को भक्त बना रहे हैं। देश के 140 करोड़ लोगों में हर व्यक्ति किसी न किसी तरह की समस्या से ग्रस्त है। मौजूदा व्यवस्था ने लोगों का जीवन बेहद मुश्किल बना दिया है और लोगों को राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासनिक और बहुत हद तक पारंपरिक धार्मिक व्यवस्था से भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। तभी वह ऐसे चमत्कारिक बाबाओं की शरण में जाता है। बाबा उसको अपना बच्चा बताते हैं, उनकी समस्याओं को दूर करने का वादा करते हैं, उनको भावनात्मक सहारा देते हैं, जो दूसरी किसी व्यवस्था से उनको नहीं मिलता है। तभी लोग ऐसे बाबाओं को मुरीद हो जाते हैं। अपनी समस्या में कोई ठोस राहत नहीं मिलने के बावजूद वे बाबा के गुणगान करते रहते हैं। कुछ समय पहले तक इस तरह के चमत्कारिक काम ईसाई धर्मगुरू लोग करते दिखते थे। टेलीविजन चैनलों पर इनका प्रसारण होता था, जिसमें अपने का ईसा मसीह का दूत बताने वाले धर्म गुरू कथित तौर पर असाध्य रोगों से ग्रस्त लोगों को मंच पर बुलाते थे, कोई मंत्र बुदबुदाते थे, पवित्र जल उसके ऊपर छिड़कते थे और वह व्यक्ति ठीक हो जाता था।

ध्यान रहे इस्लाम और ईसाइयत दोनों सांस्थायिक धर्म हैं, जिनकी एक संरचना है, एक सर्वोच्च धर्मगुरू होता है, एक सर्वोच्च किताब होती है, एक सर्वोच्च धर्मस्थल होता है लेकिन हिंदू धर्म में ऐसा नहीं है। इसमें करोड़ों देवी देवता हैं, लाखों धर्मगुरू हैं और हजारों धार्मिक किताबें हैं। क्षेत्र विशेष और जाति विशेष के हिसाब से लोगों के कुल देवता या कुल देवी हैं, जिनकी वे पूजा करते थे। लेकिन अब हिंदू धर्म के बाबा लोग भी टेलीविजन और सोशल मीडिया में मार्केटिंग-ब्रांडिंग के व्यवसायी हठकंडों से चमत्कारों झांकी बनाकर घर-परिवारों में पैंठ रहे है। चमत्कार दिखाने का दावा करके भक्त बना रहे हैं।

बाबाओं के उदय और लोगों की भेड़ चाल में बनती भक्ति की सुनामा का एक कारण अंधविश्वास को सांस्थायिक रूप से बढ़ावा देना है। यह काम पिछले 10 साल से बहुत व्यापक तौर पर हो रहा है। पीएम से लेकर उनकी सरकार के अन्य मंत्री और संगठन के लोग यह साबित करने में लगे हैं कि अस्पताल और स्कूल, कॉलेज से ज्यादा मंदिरों की जरुरत है। अब तो खुलेआम न्यूज चैनलों पर बताया जाने लगा है कि अगर नियमित मंदिर जाया जाए तो अस्पताल जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। एक से एक कथावाचक और संत, महात्मा प्रकट हुए हैं, जो टेलीविजन चैनलों या सोशल मीडिया के जरिए लोगों को चमत्कारों के बारे में बताते हैं।

इन तमाम लोगों को सरकारी संरक्षण मिलता है और बड़े सरकारी कार्यक्रमों में इनको सादर आमंत्रित किया जाता है। बड़े बड़े नेता, अधिकारी, पत्रकार इनकी चरणों में बैठे दिखाई देते हैं। संत, महात्माओं या कथावाचकों तक आम लोगों की पहुंच नहीं होती है क्योंकि इनके कार्यक्रमों की फीस हजारों, लाखों में होती है।

चूंकि इनकी वजह से मांग बढ़ गई है तो उसे पूरा करने के लिए हर जिले, शहर या कस्बे में चमत्कारिक बाबा अपने आप पैदा होंगे। बड़े लोग बड़े बाबाओं की दुकानों में यदि चरणधूलि ले रहे हैं तो गरीब, वंचित और समाज के सबसे कमजोर तबके के लोग भी यदि भोले बाबा जैसे बाबाओं की चरणधूलि के लिए जान दे रहे हैं तो क्या आश्चर्य। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# ट्रेडमिल पर बिना दौड़े करें ये एक्सरसाइज, मिलेंगे कई स्वास्थ्य लाभ



फिट रहने के लिए ट्रेडमिल पर दौड़ना एक अच्छा विकल्प है, लेकिन अगर हम यह कहें कि आप ट्रेडमिल पर बिना दौड़े ही अपने शरीर को फिट एंड फाइन रख सकते हैं तो? जी हां, ट्रेडमिल पर बिना दौड़े कुछ ऐसी एक्सरसाइज की जा सकती है, जो आपको कई तरह के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ देने में काफी मदद कर सकती है। चलिए फिर आज हम आपको ऐसी ही कुछ आसान ट्रेडमिल एक्सरसाइज करने का तरीका बताते हैं।

वॉकिंग लंग्स ट्रेडमिल एक्सरसाइज

वैसे तो वॉकिंग लंग्स एक्सरसाइज जिम फ्लोर पर की जाती है, लेकिन इस पर करना काफी मुश्किल हो जाता है। आप चाहें तो यह एक्सरसाइज अपने ट्रेडमिल पर भी कर सकते हैं। इसे करने के लिए ट्रेडमिल को धीमी रफ्तार पर सेट करें, फिर एक पैर को आगे की ओर ले जाएं और दूसरे पैर के घुटने को जमीन पर छूएं। इसी तरह से 10-20 बार दोनों पैरों के साथ आप यह एक्सरसाइज ट्रेडमिल पर कर सकते हैं।

साइड शफल ट्रेडमिल एक्सरसाइज

साइड शफल ट्रेडमिल एक्सरसाइज से हृदय को काफी फायदा होता है। वहीं, यह जांघों के अंदर और बाहर दोनों तरफ की मांसपेशियों को टोन करती है। इसे करने के लिए ट्रेडमिल को 3 से लेकर 5.5 एमपीएच की स्पीड पर सेट करें। अब अपने घुटनों को हल्का सा मोड़कर ट्रेडमिल पर साइड फेस करके खड़े हो जाएं। इसके बाद ट्रेडमिल को शुरु करके तेज गति से साइड शफल करना शुरु करें।

वॉकिंग ट्रेडमिल प्लैंक एक्सरसाइज

अगर हमेशा एक ही तरह की प्लैंक एक्सरसाइज करके थक चुके हैं तो वॉकिंग ट्रेडमिल प्लैंक कर सकते हैं। इसे करने के लिए ट्रेडमिल को 1 से 2 एमपीएच की स्पीड पर सेट करें। इसके बाद ट्रेडमिल से नीचे उतर जाएं और अपनी दोनों हथेलियों को ट्रेडमील पर रख कर प्लैंक पॉजीशन में खड़े हो जाएं। इस दौरान सिर से लेकर एड़ी तक शरीर को एक सीधी अवस्था में रखें और प्लैंक एक्सरसाइज करें।

रिवर्स माउंटेन क्लाइंबर ट्रेडमिल एक्सरसाइज रिवर्स माउंटेन क्लाइंबर ट्रेडमिल एक्सरसाइज करने से आपके पैर और घुटनों के साथ-साथ कमर की स्थिति सुधारने में काफी मदद मिल सकती है। इसे करने के लिए ट्रेडमिल को 1 से 2 एमपीएच पर सेट करें, फिर ट्रेडमिल पर उल्टी प्लैंक पॉजीशन में आ जाएं। इस बार आपका चेहरा नहीं बल्कि पैर ट्रेडमिल पर होने चाहिए और चेहरा ट्रेडमिल के विपरीत होना चाहिए। अब आप ट्रेडमिल पर रिवर्स माउंटेन क्लाइंबिंग कर सकते हैं।

# प्राथमिक विद्यालय डांडीपुर में किया पौधरोपण



संवाददाता

देहरादून। राजकीय प्राथमिक विद्यालय डांडीपुर में हरेला पर्व पर पौधारोपण किया गया।आज यहां राजकीय प्राथमिक विद्यालय डंडीपुर हकीकत राय नगर मन्नू गंज स्कूल में हरेला पर्व के उपलक्ष में वहां पर शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के साथ भारतीय जनता पार्टी जी एम एस मंडल कैंट विधानसभा के उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने हरेला पर्व मनाते हुए सभी को हरेला पर्व की बधाई दी कहा कि पौधारोपण करने के साथ-साथ उसकी देखभाल भी करनी चाहिए।

इस मौके पर स्कूल की शिक्षिका शांति उनियाल ने कहा कि आज हमारी पीढ़ी के द्वारा किए गए कार्य आपके जीवन की दशा को तय करेंगे इस समाज को आपकी पीढ़ी किस दिशा में ले कर जाएगी यह आपके और हमारे कार्यों पर निर्भर करेगा जिस समाज में अपने संस्कार को संजो कर रखा है वह समाज हमेशा प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा है। इस मौके पर आंगनबाड़ी की कार्यत्री सोनी त्रिपाठी, भोजन माता कविता आदि उपस्थित थे।

# विश्व कौशल दिवस पर ऑटोमोबाइल सर्विस टेक्नीशियन लैब का शुभारंभ किया

संवाददाता

देहरादून। विश्व कौशल दिवस पर ऑटोमोबाइल सर्विस टेक्नीशियन लैब का शुभाराम्भ किया गया।



आज यहां विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आसरा ट्रस्ट ने नालापानी रोड, रायपुर, में स्थित अपने कौशल प्रशिक्षण केंद्र, स्किलेबिलिटी में एक नया वर्टिकल जोड़ा। 2 और 3 व्हीलर ऑटोमोटिव सर्विस टेक्नीशियन लैब का शुभारंभ ज्ञान ज्योति ट्रस्ट के ट्रस्टी अरुण खन्ना और आसरा ट्रस्ट की सचिव श्रीमती नीलू खन्ना के साथ-साथ आसरा के स्टाफ और स्किलेबिलिटी सेंटर के छात्रों की मौजूदगी में एक छोटे से समारोह में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन से हुई, जिसके बाद अरुण खन्ना और श्रीमती नीलू खन्ना ने लैब का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के सांस्कृतिक खंड में आसरा के राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान - मुक्त बुनियादी शिक्षा के बच्चों द्वारा एक आकर्षक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें एकता, निष्पक्षता, सद्भाव और श्रम अधिकारों के पाठों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

आसरा के स्किलेबिलिटी में ऑटोमोटिव सर्विस टेक्नीशियन वर्टिकल का उद्देश्य युवाओं को इस क्षेत्र में कुशल पेशेवर बनने के लिए प्रशिक्षित करना है। डिलीवरी सेवाओं और अंतिम मील लॉजिस्टिक्स द्वारा संचालित एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में, ऑटोमोटिव क्षेत्र में दो और तीन पहिया वाहनों की मांग में वृद्धि जारी रहेगी।



## इन दो चीज का इस्तेमाल कर आप भी घर पर बना सकते हैं शुगर वैक्स

हर लडकी खूबसूरत दिखना चाहती है, लेकिन शरीर पर होने वाले अनचाहे बाल की वजह से वे काफी परेशान रहती हैं। इन अनचाहे बालों को हटाने के लिए उन्हें हर महीने पार्लर जाना पड़ता है। इससे उनका खर्च और ज्यादा बढ़ जाता है। अगर आप भी इस चीज से परेशान हैं, तो ये खबर आपके लिए है। आज हम आपको घर पर वैक्स तैयार करने के बारे में बताएंगे। जिसकी मदद से आप अपने पैसों की बचत कर सकती हैं, साथ ही आपका पार्लर जाने और आने का समय भी बचेगा। इस समय में आप आसानी से घर पर रहकर वैक्सिंग कर सकती हैं। आइए जानते हैं आप घर पर वैक्स कैसे तैयार कर सकती हैं।

शुगर वैक्स बनाने का तरीका

घर पर शुगर वैक्स बनाना बेहद आसान होता है, इसे बनाने के लिए सबसे पहले आपको एक बाउल में तीन से चार चम्मच ब्राउन शुगर डालना होगा। इसमें एक चम्मच शहद और एक चम्मच पानी को डाल दें, फिर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। अब किसी दूसरे बर्तन में पानी गर्म करके इस बाउल को उस पानी में रख दें और सारे पेस्ट को पिघल जाने दे। आपको बाउल को सीधे तौर पर गैस पर नहीं रखता है। अगर आप ऐसा करते हैं, तो सारा पेस्ट जल जाएगा। इसलिए गैस पर रखने से बचे। पानी में रखे हुए इस बाउल का पेस्ट जब पिघल जाए, तो आप इसको किसी कंटेनर में निकाल कर रख लें अब आप इसे हेयर रिमूविंग के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

शुगर वैक्स बनाने का दुसरा तरीका

इसके अलावा आप एक छोटे सॉस पैन में चीनी और पानी डाल दें। इसे मध्यम आंच पर गर्म होने दें, जब चीनी खुल जाए और यह चिपकने लगे, तब गैस बंद कर दें। आप अगर चाहे, तो इसमें नींबू का रस मिला सकते हैं। जब मिश्रण थोड़ा नॉर्मल हो जाए, तो आप इसे फ्रीज में रख दें। ठंडा होने के बाद मिश्रण को एक कांच के जार में डालें। अब आप थोड़ा शुगर वैक्स लेकर अपनी स्किन पर लगाएं और वैक्सिंग स्ट्रिप की मदद से अपने अनचाहे बालों को हटा सकती हैं। वैक्सिंग होने के बाद अपनी त्वचा को ठंडे पानी से धो लें और मॉइश्चराइजर लगा ले। इन दोनों शुगर वैक्स को आप घर पर बना सकते हैं। कुछ लोगों को इन शुगर वैक्स से एलर्जी हो सकती है। इसलिए इसका इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें।( आरएनएस)

## फिल्म जेबरा से दाली धनंजय का पहला लुक सामने आया

ईश्वर कार्तिक द्वारा निर्देशित मल्टी-स्टारर फिल्म में प्रतिभाशाली नायक सत्यदेव और कन्नड़ स्टार दाली धनंजय मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। ज़ेबरा नामक इस फिल्म का निर्माण पद्मजा फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड और ओल्ड टाउन पिक्चर्स के बैनर तले एसएन रेड्डी, एस पद्मजा, बाला सुंदरम और दिनेश सुंदरम ने किया है। फिल्म से सत्यदेव का पहला लुक उनके जन्मदिन के अवसर पर जारी किया गया। पोस्टर में सत्यदेव को सूट पहने स्टाइलिश अवतार में दिखाया गया है, लेकिन वे यहां बहुत गंभीर दिख रहे हैं और उनके चेहरे पर गहरी निगाहें हैं। वे कंधे पर बैग टांगे हुए उग्रता से चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। दूसरे हाथ में कलम है। बैकग्राउंड पोस्टर में सत्यदेव को करेंसी नोटों के साथ दिखाया गया है। फर्स्ट लुक से ही पता चलता है कि फिल्म में सत्यदेव का किरदार कितना दमदार होने वाला है। लक फेवर्स द ब्रेव फिल्म की टैगलाइन है जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। निर्माता जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करेंगे। प्रिया भवानी शंकर और जेनिफर पिकिनाटो इस क्राइम एक्शन एंटरटेनर में मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अनुभवी अभिनेता सत्यराज फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। सत्य अकाला और सुनील अन्य प्रमुख कलाकार हैं।

**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# अब नहीं खरीदना पड़ेगा बाजार का महंगा कंडीशनर, जानें घर पर बनाने का तरीका

बालों को लंबा, घना और मजबूत बनाने के लिए लोग कई कोशिश करते हैं, कुछ लोग तो बालों को खूबसूरत बनाने के लिए महंगे प्रोडक्ट का भी इस्तेमाल करते हैं। इनमें शैंपू, सीरम, कंडीशनर आदि चीजे शामिल होती है, लेकिन अब आप घर बैठे हेयर कंडीशनर बना सकते हैं। इससे आपका खर्च कम होगा और बाल भी मजबूत बनेंगे। घर पर हेयर कंडीशनर बनाना बहुत आसान होता है। आइए जानते हैं इसे बनाने का तरीका क्या है।



घर पर बनाएं हेयर कंडीशनर

घर पर हेयर कंडीशनर बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक कटोरी में दो चम्मच शहद, दो चम्मच एलोवेरा जेल और चार चम्मच जैतून का तेल लेकर इन तीनों को अच्छे तरीके से मिलाकर पेस्ट तैयार करना होगा। अगर आप चाहे, तो इसमें थोड़ा पानी का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। जब यह पेस्ट तैयार हो जाए, तो इसे 10 से 15 मिनट के लिए एक तरफ रख दे, फिर किसी बोतल में भरकर आप कुछ हफ्तों तक इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

हेयर कंडीशनर का इस्तेमाल

हेयर कंडीशनर को अपने बालों पर लगाने से पहले आपको अपने बालों को अच्छी तरह शैंपू से धोना होगा। इसके बाद हेयर ब्रश या उंगलियों की मदद से आपको इस होममेड कंडीशनर को अपने बालों पर 20 मिनट के लिए अच्छी तरह लगाकर रखना होगा। 20 मिनट के बाद आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू की मदद से धो लें। आप इस होममेड कंडीशनर का एक हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकते हैं।



होममेड कंडीशनर के फायदे

इस होममेड कंडीशनर को अगर आप एक हफ्ते में दो बार इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आपके बालों का झड़ना बंद होगा और बाल खूबसूरत बनेंगे। शहद और एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होता है, जो बालों को मजबूत बनाने में मदद करता है और उन्हें मॉइस्चराइज रखता है। आप अगर चाहे तो इस कंडीशनर में गुलाब जल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इस होममेड कंडीशनर का इस्तेमाल करने से बाल मुलायम तो होंगे ही साथ ही बालों को नमी मिलेगी और रूखापन दूर होगा।

पैच टेस्ट जरूर करें

ध्यान रहे किसी भी हेयर कंडीशनर को जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल न करें इससे बालों को नुकसान पहुंच सकता है और बाल सफेद होने लगते हैं। इस होममेड कंडीशनर का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। क्योंकि कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है, जिस वजह से बाल और झड़ने लगते हैं। अगर ऐसा होता है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -144

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 143 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

# टीवी एक्ट्रेस निम्रत कौर अहलूवालिया ने डिप्रेशन पर की खुलकर बात

टीवी एक्ट्रेस निम्रत कौर अहलूवालिया ने डिप्रेशन से जूझने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि टीवी शो छोटी सरदारनी की शूटिंग के दौरान लंबे समय तक काम करने और अकेलेपन ने उन्हें परेशान कर दिया था।

अपनी यात्रा को याद करते हुए उन्होंने कहा, डिप्रेशन से जूझना मेरे जीवन में एक बड़ी चुनौती रही है। छोटी सरदारनी की शूटिंग के दौरान लंबे समय तक काम करने के कारण मुझे बर्नआउट एंग्जायटी और डिप्रेशन का सामना करना पड़ा, साथ ही निजी जीवन में अकेलेपन का सामना करना पड़ा।

रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए जाने वाले स्टंट आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 का हिस्सा रही निम्रत ने कहा कि उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों में कभी भी डिप्रेशन का सामना नहीं किया।



उन्होंने कहा, मैंने डिप्रेशन के पता चलने के बाद 40 दिन का ब्रेक लेने के बावजूद काम करना जारी रखा और एंटीडिप्रेसेंट लेना शुरू कर दिया। एक साल बाद मैंने होम्योपैथी पर स्विच कर लिया। बिग बॉस सीजन 16 में प्रवेश करने से लगभग एक महीने पहले मैंने दवा लेना बंद कर दिया।

निम्रत ने कहा कि मेरे लिए काम ढूंढना कभी मुश्किल नहीं रहा। मुझे काम पाने के लिए कभी संघर्ष नहीं करना पड़ा। वास्तव में, मैं अपने टेलीविजन करियर के शिखर पर थी। भले ही दुनिया मुझे विजेता के रूप में न देखे, लेकिन मेरी सबसे बड़ी व्यक्तिगत जीत मेरे शरीर में साल भर में आए बदलावों से मानसिक और शारीरिक रूप से उबरना था।

एक्ट्रेस ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की। 2018 में उन्हें फेमिना मिस मणिपुर का ताज पहनाया गया। इसके बाद वह बी प्राक के मस्तानी नामक एक संगीत वीडियो में नजर आईं, जिसने उन्हें शोबिज की दुनिया में कदम रखने में मदद की।

2019 में उन्होंने लोकप्रिय डेली सोप छोटी सरदारनी में काम करना शुरू किया, जिसने उन्हें फिर से सुर्खियों में लाने में मदद की।

अभिनेत्री को बाद में सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले विवादास्पद रियलिटी शो बिग बॉस 16 में देखा गया।

# बढ़ी हुई दाढ़ी और बेहद गंभीर लुक में दिखे वरुण धवन

अभिनेता वरुण धवन ने साउथ के निर्देशक कलीश और जवान के निर्देशक एटली कुमार के साथ मिलकर बेबी जॉन नामक एक प्रोजेक्ट बनाया है। बता दें कि घोषणा के बाद से ही निर्माता फिल्म के पीछे के दृश्यों से फैंस को चिढ़ा रहें हैं, जिससे वो और अधिक देखने के लिए उत्सुक हैं। अब, निर्माताओं ने हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म से वरुण धवन का एक नया पोस्टर जारी किया है और वो कातिलाना लग रहें हैं, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

आपको बता दें कि फिल्म बेबी जॉन के नए पोस्टर में वरुण धवन लंबे, गीले बाल, बढ़ी हुई दाढ़ी और बेहद गंभीर भाव में दिखाई दे रहें हैं। ऐसा लग रहा है कि वो एक बड़ी लड़ाई में शामिल होने और अपने रास्ते में आने वाले किसी भी व्यक्ति को हराने के लिए तैयार हैं। पोस्टर में एक तरफ फिल्म की रिलीज की तारीख और अन्य विवरण भी शामिल हैं।

वरुण धवन पहली बार फिल्म में अपने एक्शन कौशल का प्रदर्शन करेंगे और बेबी जॉन तीव्र एक्शन, रोमांचकारी मनोरंजन और शक्तिशाली प्रदर्शनों से भरी होगी। यह फिल्म कीर्ति सुरेश की हिंदी फिल्म डेब्यू भी है और इसमें वामिका गब्बी भी हैं, जो सिल्वर स्क्रीन पर अपनी शुरुआत कर रही हैं। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव जैसे शानदार कलाकार शामिल हैं। बेबी जॉन एस थमन म्यूजिकल है। बेबी जॉन को जियो स्टूडियोज ने एटली और सिने1 स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत किया है। एप्पल स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज के प्रोडक्शन के लिए बनी इस फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे ने किया है। कलीज़ द्वारा निर्देशित, बेबी जॉन 25 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है।

वरुण धवन के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो हाल ही में शरवरी वाघ की मुंज्या में भास्कर शर्मा के रूप में कैमियो किया। वहीं, बेबी जॉन के बाद वरुण, जान्हवी कपूर के साथ करण जौहर की सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में दिखाई देने वाले हैं। साथ ही उनके पास सामंथा रूथ प्रभु के साथ राज और डीके की सिटाडेल हनी बनी भी है। इसके अलावा वरुण धवन की लिस्ट में दिलजीत दोसांझ और अर्जुन कपूर के साथ नो एंट्री 2 में अभिनय करने वालें हैं। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का निर्माण बोनी कपूर करेंगे और इसका निर्देशन अनीस बज्मी करेंगे। (आरएनएस)

# इंडो वेस्टर्न आउटफिट पहन रकुल प्रीत सिंह ने ढाया कहर



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपनी बोल्ड तस्वीरों को लेकर सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटोरती रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ स्टाइलिश फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी शोख अदाएं देखकर फैंस लट्टू हो गए हैं।

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने हाल ही में लेटेस्ट स्टाइलिश आउटफिट पहनकर फोटोशूट करवाया है।

इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।


रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान बेहद ही स्टाइलिश स्कर्ट पहनी हुई है, उन्होंने साड़ी स्टाइल लुक से स्कर्ट को डिजाइन करवाया है।

बालों का बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा शानदार तरीके से निखारा है।

रकुल प्रीत सिंह ने गले में हैवी ज्वैलरी पहनी हुई है जिसे वो फ्लॉन्ट करती हुई एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह अपने हर एक अंदाज में कहर ढाती हैं। चाहे वो इंडियन हो या फिर वेस्टर्न लुक उनका नया लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया लवर हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा जबरदस्त है। (आरएनएस)

# स्टाइलिश आउटफिट पहन अनुष्का सेन ने कैमरे के साने दिए किलर पोज



छोटे पर्दे से करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस अनुष्का सेन आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरों के कारण इंटरनेट पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका लेटेस्ट लुक देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।

अनुष्का सेन टीवी की पॉपुलर और खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगती हैं।

एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को देखकर फिदा हो जाते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर लोग उनके हुस्न के दीवाने हो गए हैं।

अनुष्का सेन की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने पिंक कलर का बेहद ही सिजलिंग आउटफिट पहना हुआ है।

इन तस्वीरों में वो अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों का हाई बन बनाकर, लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को और भी ज्यादा खूबसूरती से निखारा है।

हालांकि फैंस को भी उनका ये लुक काफी ज्यादा पसंद आ रहा है। अनुष्का सेन की इन तस्वीरों को पोस्ट हुए कुछ ही समय हुआ है और अब तक लाखों लोगों ने फोटोज पर लाइक कर दिया है। (आरएनएस)

# विपक्ष की रणनीति सरकार को झकझोर करना

अवधेश कुमार

18वीं लोक सभा के अध्यक्ष के निर्वाचन के दौरान और उसके बाद का दृश्य निश्चित रूप से देश को एक हद तक राहत देने वाला था। आक्रामक मोर्चाबंदी के बाद विपक्ष ने संसद में मत विभाजन की मांग नहीं की। इस कारण ओम बिरला का दूसरी बार लोकसभाध्यक्ष के रूप में निर्वाचन प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ। विपक्ष अपने पूर्व के तेवर के अनुरूप यदि के. सुरेश और ओम बिरला के बीच मतदान पर अड़ता तो तस्वीर दूसरी होती। हालांकि संख्या बल के आधार पर ओम बिरला का निर्वाचन निश्चित था, लेकिन विपक्ष भी ताकत दिखाना चाहता था।

वास्तव में 18वीं लोक सभा में शपथ ग्रहण के समय से विपक्ष का तेवर बता रहा है कि वह सरकार को आसानी से काम करने देने की मनःस्थिति में नहीं है। आईएनडीआईए के सारे सांसद गांधी जी की प्रतिमा के पुराने स्थल से हाथों में संविधान की प्रति लिए जिस तरह नारा लगाते आगे बढ़े वह चिंतित करने वाला दृश्य था। कम से कम सांसदों के शपथ ग्रहण के अवसर को प्रदर्शनों से दूर रखा जा सकता था। सरकार ने अभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है जिसके लिए विपक्ष को इस तरह विरोध की एकजुटता प्रदर्शित करनी पड़े।

विरोध के लिए आगे पूरा अवसर बना हुआ है। संसद में बजट आना है और भी कई विधेयक आने वाले हैं, उन सब पर विपक्ष अपना तेवर दिखा सकता था, दिखाएगा भी। इसी तरह स्वयं विपक्ष का अपना एजेंडा है जो समय-समय पर संसदीय नियमों का लाभ उठाते हुए प्रस्तुत करने की कोशिश करेगा। 18वीं लोक सभा की शुरूआत में विपक्ष ने अपनी रणनीति के तहत ही आक्रामक चरित्र प्रदर्शित किया है। पहले भर्तृहरि मेहताब को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने का विरोध हुआ। कांग्रेस ने यह भी कह दिया कि उनकी पार्टी मेहताब को सहयोग नहीं करेगी। उससे भय पैदा हुआ लेकिन सभी कांग्रेसी सांसदों ने अंततः मेहताब की अध्यक्षता में ही शपथ ग्रहण किया। इसके पूर्व कभी प्रोटेम स्पीकर को लेकर इस तरह विरोध हुआ हो इसके रिकॉर्ड अभी तक सामने नहीं आए हैं। कांग्रेस की मांग थी कि के. सुरेश आठ बार के सांसद हैं। इसलिए उन्हें प्रोटेम स्पीकर बनाना चाहिए। सरकार का कहना था कि के. सुरेश एक बार सांसद नहीं रहे हैं जबकि मेहताब लगातार सात बार सांसद रहे हैं। यह विषय असहमति का है। संविधान में कहीं इसका उल्लेख नहीं है कि प्रोटेम स्पीकर किसे बनाया जाए। उसके बाद से विपक्ष ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि वह लोक सभा चुनाव के दौरान उठाए गए मुद्दों और अपनाए तेवरों से पीछे हट रहा है। आप ओम बिरला के लोकसभाध्यक्ष बनने के बाद दिए गए विपक्ष के नेताओं के भाषणों को देखिए तो काफी कुछ स्पष्ट हो जाएगा। राहुल गांधी ने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि आपके नेतृत्व में संविधान की रक्षा होगी। आप विपक्ष को पूरी तरह बोलने का अवसर देंगे जिससे आम जन की आवाज संसद में आ सके'। उन्होंने पूर्व लोक सभा में सांसदों के निलंबन पर भी कटाक्ष किया।

ठीक इसी तरह सपा के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी लोकसभाध्यक्ष पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, 'आप सत्ता पक्ष को तो मौका देते ही हैं, लेकिन अब उम्मीद है कि विपक्ष को भी अवसर देंगे'। फिर उन्होंने भी भविष्य में सांसदों के निलंबन न होने की उम्मीद जताई। इसी तरह तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय एवं अन्य नेताओं के भाषण अध्यक्ष को भी दलीय राजनीति में घसीटने और उनको कठघरे में खड़ा करने वाले ही थे। अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद सभी उन्हें धन्यवाद देते हैं, उनकी प्रशंसा करते हैं, और उनकी अध्यक्षता में संसद के संचालन में सहयोग करने का वादा करते हुए शुभकामना भी देते हैं। विपक्ष के भाषण में ये विषय थे किंतु उनकी धारा बिल्कुल अलग थी। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संयुक्त सत्र के अभिभाषण को लेकर भी विपक्ष ने सरकार के साथ सहयोग या सहकार वाली भूमिका का संदेश नहीं दिया। आम आदमी पार्टी द्वारा अभिभाषण का बहिष्कार तथा शिवसेना उद्धव ठाकरे द्वारा समर्थन बताता है कि संसद को लेकर विपक्ष की राजनीति किस दिशा में जाने वाली है। शिवसेना-उद्धव ठाकरे के सांसद संजय राउत में कहा कि बहिष्कार बिल्कुल ठीक है? सरकार तानाशाही भरा रवैया अपनाती है और उसमें राष्ट्रपति का भी योगदान है।

राष्ट्रपति को दलीय राजनीति में घसीटना अन्य सभी घटनाक्रम से ज्यादा चिंतित करने वाला है। राष्ट्रपति देश के अभिभावक के तौर पर स्वीकार किए जाते हैं। हमारे देश में राष्ट्रपति संवैधानिक प्रमुख हैं पर उन्हें मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार ही भूमिका निभानी पड़ती है। बावजूद विपक्ष राष्ट्रपति पर इस तरह के हमले से बचता रहा है। आपातकाल के दौरान फखरुद्दीन अली अहमद की भूमिका को छोड़ दें तो अभी तक संजय राउत की तरह राष्ट्रपति की आलोचना करने जैसा वक्तव्य सामने नहीं आया था। फखरु द्दीन अली अहमद के विरु द्ध भी विपक्ष को बोलने का मौका नहीं मिला था क्योंकि सभी जेल में डाल दिए गए थे।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सहित सभी विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रियाएं देखें तो वे सरकार पर पूरी तरह हमलावर हैं। वैसे राष्ट्रपति अभिभाषण द्वारा सरकार ने भी स्पष्ट कर दिया कि वह अपनी पूर्व नीतियों पर ही आगे बढने वाली है यानी विपक्ष का कोई दबाव उसे अपने रास्ते से पीछे हटने या मुडने के लिए विवश नहीं कर सकता। वह हमले का जवाब प्रति हमले से देगी। वस्तुतः विपक्ष का आकलन है कि संविधान खत्म करने, आरक्षण खत्म करने और अन्य प्रकार के प्रधानमंत्री मोदी और सरकार विरोधी तेवरों से उन्हें चुनाव में लाभ मिला है। इसे आगे बनाए रखा गया तो वे सरकार को सत्ता से हटाने में सफल होंगे। विपक्ष की रणनीति बिल्कुल साफ है। देश में सरकार के हर समय अस्थिर होने का संदेश देना, इससे लगातार टकराव करते रहना, आरोप लगाते रहना तथा जब भी मौका आए सरकार को झकझोर कर गिराने का प्रयास करना। साफ है कि सरकार भी ईट का जवाब पत्थर से देने का संदेश दे रही है। इसमें हमें संसद के सुचारू रूप से संचालन या भविष्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राष्ट्र और जनता के हितों को लेकर स्वाभाविक सहयोग और समन्वय की कल्पना नहीं करनी चाहिए।

## धनुष की फिल्म कुबेरा से रश्मिका मंदाना की पहली झलक आई सामने

साउथ की फेमस एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म कुबेर को लेकर खबरों में बनी हुई हैं। बता दें कि रश्मिका मंदाना ने सुपरस्टार अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म पुष्पा से उनके करियर को एक नई उड़ान मिली है। अब वो निर्देशक सेखर कम्मूला की अपकमिंग फिल्म कुबेर में धमाल मचाने के लिए तैयार है। अब इस बीच फिल्म कुबेर से रश्मिका मंदाना का पहला लुक वीडियो जारी कर दिया गया है, जो उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

आपको बता दें कि रणबीर कपूर की एनिमल में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने गीतांजली की भूमिका निभाई थी, जिसने फैंस का दिल जीत लिया था। अब इसके बाद वो फिल्म कुबेर में नजर आने वालीं हैं। कुबेर से उनका फर्स्ट लुक वीडियो रिलीज कर दिया गया है, जिसमें वो एक गड्ढे में से पैसों से भरा बैग निकालते दिख रहीं हैं। इसको देख ऐसा बताया जा सकता है कि फिल्म में एक्ट्रेस ने इस खजाने को छुपा रखा है और बाद में वो इसे निकाल रहीं हैं। अब इस नोटों से भरे बैग का क्या राज है, वो तो कुबेर फिल्म की रिलीज के बाद ही पता चल सकेगा। इस फर्स्ट लुक वीडियो को देखने के बाद से एक्ट्रेस के फैंस काफी एक्साइटमेंट नजर आ रहें हैं और इस फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रहें हैं।

रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो फिल्म कुबेर में रश्मिका मंदान साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धनुष के साथ नजर आएंगी।

## सू- दोकू क्र.144

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.143 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# सडक़ और फुटपाथ हर रोज चकाचक क्यों नहीं

अली खान

पिछले दिनों बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि जब प्रधानमंत्री या कोई वीआईपी आता है, तो सडक़ों और फुटपाथ को चकाचक कर दिया जाता है। यदि एक दिन यह हो सकता है, तो सभी लोगों के लिए हर रोज क्यों नहीं हो सकता। आखिरकार, नागरिक टैक्स देते हैं, और साफ-सुथरे और सुरक्षित फुटपाथ पर चलना उनका भी मौलिक अधिकार है।



बता दें कि जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस कमल खता की खंडपीठ ने कहा कि सुरक्षित और स्वच्छ फुटपाथ मुहैया कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व है। राज्य सरकार के केवल यह सोचने से काम नहीं चलने वाला कि शहर में फुटपाथ घेरने वाले अनिधकृत फेरीवालों की समस्या का समाधान कैसे निकाला जाए। उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट ने शहर में अनिधकृत रेहड़ी-पटरी वालों की समस्या पर पिछले वर्ष स्वतः संज्ञान लिया था। पीठ ने कहा कि उसे पता है कि समस्या बड़ी है, लेकिन राज्य और नगर निकाय सहित अन्य अधिकारी इसे ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। हम अपने बच्चों को फुटपाथ पर चलने को कहते हैं, लेकिन चलने को फुटपाथ ही नहीं होंगे तो हम उनसे क्या कहेंगे? इस बीच आम-आदमी के मस्तिष्क में इस सवाल का कौंधना स्वाभाविक है कि आखिर, मूल अधिकार से क्या अभिप्राय है?

दरअसल, मूल अधिकार ऐसे अधिकारों का समूह है जो किसी भी नागरिक के भौतिक (सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक) और नैतिक विकास के लिए आवश्यक हैं। मौलिक अधिकार किसी भी देश के संविधान द्वारा प्रत्येक नागरिक को दी गई आवश्यक स्वतंत्रता और अधिकारों के एक समूह को भी संदूभत करते हैं। ये अधिकार व्यक्तिगत स्वतंत्रता की आधारशिला को भी निर्मित करते हैं तथा नागरिकों की राज्यों के मनमाने कार्यों एवं नियमों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। बुनियादी मानवाधिकारों एवं स्वतंत्रताओं को सुनिश्चित करते हैं। एक राष्ट्र के भीतर लोकतंत्र, न्याय और समानता को बनाए रखने के लिए ये अधिकार संविधान के अभिन्न अंग हैं।

इन अधिकारों को मौलिक अधिकार माना जाता है, क्योंकि ये व्यक्तियों के सर्वांगीण विकास, गरिमा और कल्याण के लिए आवश्यक हैं। इनके असंख्य महत्त्व के कारण ही उन्हें भारत का मैग्ना कार्टा भी कहा गया है। ये अधिकार संविधान द्वारा गारंटीकृत और संरक्षित हैं, जो देश के मूलभूत शासन को संदूभत करते हैं।

दरअसल, हकीकत यह है कि शहरी भारत में पैदल चलने के लिए वर्तमान में कई बाधाओं और रुकावटों से गुजरना पड़ता है, जिसके कारण अक्सर किसी की सुरक्षा को जोखिम में डालना पड़ता है। यहां तक कि कभी-कभी किसी की जान भी जोखिम में पड़ जाती है। भारतीय शहरों में पैदलयात्रियों की उपेक्षा केवल पैदलयात्रियों की सुविधाओं को कम प्राथमिकता देने और उनके खराब क्रियान्वयन का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह एक बड़े प्रणालीगत मुद्दे का भी प्रतिबिंब है।

दरअसल, भारत में पैदलयात्रियों के लिए कानूनी अधिकारों और उपायों की व्यापक व्यवस्था का अभाव है। कमोबेश सभी शहरों की अधिकांश सडक़ों पर अतिक्रमण का बोलबाला है। अतिक्रमण के चलते फुटपाथ गुम हो गए हैं। इन पर जनता का अधिकार है। मौजूदा वक्त में फुटपाथ की समस्या नासूर बन चुकी है। चिंता की बात है कि इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। लिहाजा, सरकार को चाहिए कि जनता के लिए स्वतंत्र और सुरक्षित फुटपाथ मुहैया करवाए। फुटपाथ पर बैनर लगाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए।

# भांग की खेती नष्ट कर ग्रामीणों को किया जागरूक

हमारे संवादाता

बागेश्वर। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस व एसओजी टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। संयुक्त टीम द्वारा तीन गावों में छापेमारी कर भारी मात्रा में भांग की खेती को नष्ट किया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना काण्डा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम को बीते रोज सूचना मिली कि क्षेत्र के कुछ गावों में भांग की खेती की जा रही है। जिस पर कार्यवाही करते हुए संयुक्त टीम द्वारा ग्राम चौनाला में छापेमारी कर लगभग 8 नाली, जाखनी में लगभग 1 नाली तथा विजयपुर में लगभग 3 नाली भांग की खेती को पूर्ण रूप से नष्ट किया गया है। साथ ही पुलिस टीम द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को भविष्य में भांग की खेती न करने व नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा मुक्ति अभियान में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही स्थानीय लोगों को सम्पूर्ण भारत में लागू हुए नये कानूनों, साइबर हैल्पलाइन नंबर- 1930, डायल 112 आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गई है।

# मुनस्यारी से गुमशुदा महिला रुद्रपुर से बरामद

हमारे संवाददाता




पिथौरागढ़। मुनस्यारी से गुमशुदा हुई महिला को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे रूद्रपुर से बरामद किया है। जिसे न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के अनुसार बीती 20 मई को हरीश राम, निवासी ग्राम सेला, मुनस्यारी द्वारा थाना मुनस्यारी में तहरीर देकर बताया गया कि उनकी पत्नी दीपा देवी (32) तीन मई को घर से बिना बताये कहीं चली गयी है, काफी ढूँढखोज करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त महिला की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गयी। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद सर्विलांस सैल की मदद से बीते रोज रुद्रपुर, जनपद ऊधमसिंहनगर से सकुशल बरामद कर थाना मुनस्यारी लाया गया है। महिला को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# ईडीआईआई ने बेसलाइन पर सर्वे शुरू किया

संवाददाता

देहरादून। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ने ग्राम पंचायतों में बेसलाइन सर्वे का कार्य शुरू कर दिया।

आज यहां भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ई डीआईआई) ने आईडीबीआई बैंक द्वारा वितपोषित प्रॉजेक्ट राइज के अन्तर्गत वित्त वर्ष 2024-25 में होने वाले तकनीक आधारित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण हेतु विकासखंड रायपुर और डोईवाला की विभन्न ग्राम पंचायतों में बेसलाइन सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के प्रॉजेक्ट राइज के प्रॉजेक्ट कोऑर्डिनेटर शैलेश रावत द्वारा बताया गया कि वित्त वर्ष 2024 -25 में ईडीआईआई द्वारा 6 तकनिक आधारित उद्यामियता विकास प्रशिक्षण करवाया जाएंगे और साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को उद्यम स्थापित करने व मार्केट लिंकेज करवाने में भी सहयोग किया जायेगा।

## आज और कल भारी बारिश का..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

फिर हेलंग मारवाड़ी बाईपास पर भारी भूस्खलन से यातायात बंद होने की खबर है।

आज सुबह हुई ताबड़तोड़ बारिश के बाद रुड़की के कई आवासीय क्षेत्रों में जल भराव हो गया तथा लोगों के घरों में पानी घुस गया। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए ताजा अपडेट के अनुसार आज और कल दो दिन राज्य में भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। इस दौरान पिथौरागढ़ और बागेश्वर में भारी से भी भारी बारिश हो सकती है जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ सकती हैं। वहीं राज्य के बाकी सभी जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है तथा लोगों से सावधानी बरतने को कहा गया है जिसके मद्देनजर आपदा प्रबंधन विभाग को अलर्ट किया गया है।

## अंतर्राज्यीय हथियार सप्लायर पुलिस...

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

में प्रभारी निरीक्षक रुड़की आर. के. सकलानी, निरीक्षक सीआईयू रवींद्र शाह, उप निरीक्षक सीआईयू रमेश सेनी, उपनिरीक्षक नितिन बिष्ट, उपनिरीक्षक पुष्कर चौहान, हेड कांस्टेबल गुलशन नेगी, हेड कांस्टेबल मनमोहन भंडारी, कांस्टेबल सुरेश रमोला, महिपाल, राहुल व कांस्टेबल अशोक शामिल रहें। वहीं एसओजी के इंस्पेक्टर रविंदर शाह, सब इंस्पेक्टर रमेश सैनी, हेड कांस्टेबल सुरेश रमोला, हेड कांस्टेबल अशोक, हेड कांस्टेबल चमन, कांस्टेबल कपिल देव, कांस्टेबल महिपाल तोमर प कांस्टेबल राहुल नेगी शामिल रहे।

# कारगिल विजय दिवस की रजत जयंतीः नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

हमारे संवाददाता




हरिद्वार। 84 उत्तराखंड वाहिनी एनसीसी, रुड़की के एनसीसी कैडेट्स द्वारा आज कमान अधिकारी कर्नल रामाकृष्णन रमेश के दिशानिर्देशन में 'कारगिल विजय दिवस' की रजत जयंती के उपलक्ष्य में आजाद हिंद फौज के सेनापति नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया व भारत माता की जय के जयकारे लगाए।

इस अवसर पर बटालियन के प्रशिक्षण अधीक्षक रवि कपूर द्वारा बताया गया कि आज के दिन 1971 भारत-पाक युद्ध मे अपने प्राणों की आहुति देने वाले परमवीर चक्र विजेता फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह 'सेखों' का जन्म दिवस है । भारत-पाक युद्ध के अमर नायकों में से एक की शौर्य गाथा का व्याख्यान करते हुए उन्होंने बताया कि इस युद्ध मे निर्मलजीत सिंह भारतीय वायुसेना की 'द फ्लाइंग बुलेट' 18वी स्क्वायरडॅन में काम कर रहे थे व पाकिस्तान ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर हमला बोल दिया था, सुबह 8 बजकर 2 मिनट पर चेतावनी मिली और 8 बजकर 4 मिनट पर सेखों अपने साथी घुम्मन के साथ अपने विमान में युद्ध की स्थिति में आ गए थे। सेखों ने हवा में आकर दो सेबर जेट विमानों का सामना किया, रेडियो संचार व्यवस्था पर निर्मलजीत सिंह की आवाज सुनाई पड़ी...'मैं दो सेबर जेट जहाजों के पीछे हूँ... मैं उन्हें जाने नही दूँगा'... यह निर्मलजीत सिंह का अंतिम संदेश था और वह इस युद्ध मे बलिदान हुए । इस युद्ध मे अपने अदम्य साहस के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित हुए। आज नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण हेतु एनसीसी कैडेट्स अमित सिंह बिष्ट, शिवेन, नवीन कुमार, आदित्य कुमार, प्रियंका दत्ता, श्रुति अंथवाल, प्रिया कोरी, प्रिया सैनी आदि उपस्थित रहे।

## होम स्टे में घुसकर मारपीट करने पर टैक्सी यूनियन अध्यक्ष पर मुकदमा

देहरादून। होम स्टे में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने टैक्सी यूनियन अध्यक्ष सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीच वुड होम स्टे के संचालक नितिश कुमार झा ने मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने होम स्टे पर बैठा हुआ था तभी वहां पर टैक्सी यूनियन अध्यक्ष सुमित कुमार अपने साथी देवेन्द्र नौटियाल व विजय मोहन के साथ वहां पर आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी।

# दुकान का ताला तोड चोरी करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। दुकान का ताला तोड वहां से नगदी व सामान चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आमबाग गढी कैण्ट निवासी विरेन्द्र ममगांई ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नितिन मार्केट में गणपति बैकर्स के नाम से दुकान है। आज जब वह अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसने देखा कि उसकी दुकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ है। चोर उसके गल्ले से नगदी व सामान गायब था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंखाला तो पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस ने क्षेत्र से एक युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि उसने ही बैकरी में चोरी की थी। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रमोद रावत पुत्र धर्म सिंह निवासी कलिंगा कालोनी गढी कैण्ट बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# फैक्ट फाइंडिंग कमेटी 18 से 20 जुलाई तक करेगी समीक्षा बैठकः जोशी

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने बताया कि लोकसभा चुनाव परिणामों के लिए गठित फैक्ट फाइडिंग कमेटी के सदस्य 18 से 20 जुलाई तक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगें।

आज यहां मथुरादत्त जोशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकसभा चुनाव परिणामों के लिए गठित फैक्ट फाईडिंग कमेटी के सदस्य दिनांक 18, 19 एवं 20 जुलाई उत्तराखण्ड के कांग्रेस नेताओं एवं पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

जोशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकसभा चुनाव परिणामों के लिए गठित फैक्ट फाईडिंग कमेटी के सदस्य, पूर्व सांसद पी.एल. पूनियां एवं सांसद श्रीमती रजनी पाटिल 18 जुलाई 2024 को प्रातः प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचेंगे जहां पर लोकसभा वार समीक्षा बैठकों का आयोजन किया गया है। जोशी ने बताया कि 18 जुलाई को सर्वप्रथम अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विध ायक, पूर्व विधायकों के साथ समीक्षा बैठक होगी जिसके उपरान्त संसदीय क्षेत्र के समस्त एआईसीसी, पीसीसी सदस्यों, जिला, ब्लाक व नगर कांग्रेस अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गई है। अपराह्न से नैनीताल संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायकों के साथ समीक्षा बैठक होगी जिसके उपरांत संसदीय क्षेत्र के समस्त एआईसीसी, पीसीसी सदस्यों, जिला, ब्लाक व नगर कांग्रेस अध्यक्षों के साथ बैठक होगी। 19 जुलाई को प्रातः 10 बजे से गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायकों के साथ समीक्षा बैठक होगी जिसके उपरान्त संसदीय क्षेत्र के समस्त एआईसीसी, पीसीसी सदस्यों, जिला, ब्लाक व नगर कांग्रेस अध्यक्षों के साथ बैठक होगी इसके पश्चात दो बजे से टिहरी संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायकों के साथ समीक्षा बैठक होगी जिसके उपरांत संसदीय क्षेत्र के समस्त एआईसीसी, पीसीसी सदस्यों, जिला, ब्लाक व नगर कांग्रेस अध्यक्षों के साथ बैठक तथा सायं से हरिद्वार संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायकों के साथ समीक्षा बैठक होगी जिसके उपरान्त संसदीय क्षेत्र के समस्त एआईसीसी, पीसीसी सदस्यों, जिला, ब्लाक व नगर कांग्रेस अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गई है। मथुरादत्त जोशी ने बताया कि फैक्ट फाईडिंग कमेटी दिनांक 20 जुलाई को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भेंट वार्ता करने के उपरान्त 12:00 बजे से अनुषांगिक संगठन, विभाग व प्रकोष्ठ के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे तथा सायं तीन बजे नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगें।

## एक नजर


# दिग्विजय सिंह ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आरएसएस से सीखने की दी नसीहत

जबलपुर । मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने एक बयान से लोगों को चौंका दिया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता मंगलवार को आंदोलनकारी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सीखें कि संदेश को प्रभावी ढंग से कैसे पहुंचाया जाए और संगठन के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। दिग्विजय सिंह जबलपुर में कथित नर्सिंग कॉलेज घोटाले और नीट पेपर लीक के खिलाफ युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित धरने को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय सिंह ने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सीखें, हालांकि हम उनके कट्टर विरोधी हैं। वे दिमागी खेल खेलते हैं। वे कभी विरोध नहीं करेंगे, कभी प्रदर्शन नहीं करेंगे, कभी पिटाई नहीं करेंगे और कभी जेल नहीं जाएंगे, बल्कि वे हमें जेल भेज देंगे। दिग्विजयसिंह ने कहा कि जमीनी स्तर पर संगठनात्मक नेटवर्क के अभाव में विरोध प्रदर्शन प्रभावी साबित नहीं होगा। उन्होंने बूथ से लेकर जिले तक तीन स्तरों पर आंदोलन करने का सुझाव भी दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा आरएसएस आमतौर पर तीन चीजों पर ध्यान देता है। पर्चे बांटना, चर्चा करना और अंत में आंदोलन पर होने वाला खर्च। यदि आप उनसे लड़ना चाहते हैं, तो उन्हें उनके ही खेल में हराएं, शारीरिक रूप से नहीं बल्कि दिमाग से। दिग्विजय सिंह ने कहा कि आरएसएस के तौर-तरीकों और दुष्प्रचार को समझकर उसका प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सकता है।



# बैंकॉक के होटल में 2 अमेरिकी समेत 6 लोगों की संदिग्ध मौत

नई दिल्ली। बैंकॉक के मध्य में एक लक्जरी होटल के कमरे में दो वियतनामी अमेरिकियों सहित छह लोग मृत पाए गए हैं। बैंकॉक के मेट्रोपोलिटन पुलिस आयुक्त थिति सेंगसावांग के अनुसार, ग्रैंड हयात होटल के पांचवीं मंजिल के कमरे में कर्मचारियों को शव मिले हैं। पुलिस ने कहा कि यह घटना डकैती जैसी नहीं लगती और किसी भी शव पर शारीरिक हिंसा के कोई निशान नहीं दिखे। पुलिस का यह भी मानना है कि उन्होंने खुद को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। लेकिन थिति ने कहा कि कमरे में सफेद पाउडर के निशान वाले कप मिले हैं, साथ ही पहले से मंगाया गया खाना भी मिला है। जानकारी के अनुसार, थाईलैंड पुलिस के फॉरेंसिक विभाग के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि बैंकॉक के एक लग्जरी होटल में मृत मिले छह लोगों की कॉफी में साइनाइड के अंश मिले हैं। साइनाइड सबसे जहरीला पदार्थ है जिसके सेवन के बाद बच पाना लगभग नामुमकिन है। अधिकारी फिलहाल उस सातवें व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं जो होटल बुकिंग का हिस्सा था और अब संभावित संदिग्ध है। अन्य चार मृतक वियतनामी नागरिक हैं। मंगलवार को शव मिलने के बाद पुलिस को पांच सितारा होटल के प्रवेश द्वार पर पहरा देते हुए देखा गया। मेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि उसे बैंकॉक में दो अमेरिकी नागरिकों की मौत की रिपोर्ट की जानकारी है।




# अजित पवार को बड़ा झटका, विधानसभा चुनाव से पहले 4 नेताओं ने दिया इस्तीफा

मुंबई। लोकसभा चुनाव (2024 ) में अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी की खराब परफॉर्मेंस के बाद पार्टी के चार नेताओं ने उनका साथ छोड़ दिया है। अब खबरों के सामने आने के बाद पता चला है कि ये सभी शरद पवार की नेतृत्व वाली नेशनल कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन करने जा रहे हैं। गौर करने वाली बात ये है कि पिछले दिनों अजित पवार की पार्टी के नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने भी शरद पवार से उनके आवास पर पहुंच कर मुलाकात की थी। पार्टी से अलग होने वाले नेताओं में पिंपरी-चिंचवड़ इकाई के अध्यक्ष अजीत गव्हाणे, छात्र नेता यश साने और दो पूर्व पार्षद राहुल भोसले और पंकज भालेकर भी शामिल हैं। इस बात का जिक्र आरएसएस से जुड़ी पत्रिका ऑर्गेनाइजर के एक लेख में भी हुआ, जिसमें महाराष्ट्र भाजपा के खराब प्रदर्शन के लिए अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के साथ गठबंधन और पार्टी, उसके कार्यकर्ताओं और राज्य में एनडीए सरकार के बीच कम्युनिकेशन की कमी को जिम्मेदार ठहराया गया। अजित पवार की पार्टी के नेता रहे अजीत गव्हाणे ने समाचार एजेंसी से बात करते हुए कहा, मैंने कल इस्तीफा दे दिया और आज हम दूसरे विधानसभा क्षेत्र के सभी पूर्व पार्षदों के साथ बैठक करेंगे। हम उसी के अनुसार अपनी आगामी रणनीति तय करेंगे। हम पवार साहब (शरद पवार) का आशीर्वाद लेने जा रहे हैं।



# क्रैश बैरियर से लोहा चोरी करने वाले दो गिरफ्तार, माल बरामद

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने क्रैश बैरियर से लोहे का सामान चोरी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सारा सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जुलाई को सुदर्शन सिंह अपर सहायक अभियंता द्वारा थाने पर प्रार्थना पत्र दिया कि कृषाली चौक से सहस्त्रधारा मोटर मार्ग के करीब 2 से 3 किलोमीटर के एरिया में सड़क किनारे लगे क्रैश बैरियर को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है व उन पर लगे नग चैनल, बोल्ट, वॉशर आदि समान चुरा लिए है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल एवं उसके आसपास के 162 सीसीटीवी कैमरो को चेक किया गया, साथ ही चोरी के आरोप में पूर्व में जेल गए आरोपियों की वर्तमान स्थिति की जानकारी करते हुए लगभग 19 लोगों का भौतिक सत्यापन किया गया। 16 जुलाई की रात्रि में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान जंगलात बैरियर सहस्त्रधारा रोड के पास से घटना में शामिल 02 लोगों को शत्रुघ्न व पवन कुमार को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से चोरी का माल बरामद किया गया।



पूछताछ में शत्रुघ्न द्वारा बताया गया कि वह कबाड़ी काम करता है तथा चोरी के उक्त माल को कबाड़ में बेचने की फिराक में था, उसके द्वारा पवन के साथ मिलकर पिछले 08 से 10 दिनों में उक्त सामान को चोरी किया गया था, वे प्रतिदिन रात्रि के समय उक्त स्थान पर जाकर सामान चोरी करते थे, चूंकि उक्त स्थान के आस पास जंगल होने के कारण रात्रि में सुनसान व लोगो की आवाजाही नहीं होती थी, तथा उक्त स्थान पर स्ट्रीट लाइट न लगे होने व अधेरा अधिक होने के कारण रात्रि में वह आसानी से चोरी की घटना को अंजाम देते थे, दोनों शातिर किस्म के अपराधी है, जो रोज थोड़ी थोड़ी मात्रा में उक्त सामान को चोरी करते थे, जिससे किसी को एकदम से शक ना हो। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## बैंक कर्मचारी बनकर ठगे साढे तीन लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। बैक कर्मचारी बनकर साढे तीन लाख रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू कैण्ट रोड विजय कालोनी निवासी गौरव कुमार अरोडा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके फोन पर अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर अपने आपको इंडसइंड बैंक का कर्मचारी बताकर टोल फ्री नम्बर से कॉल कर बैंक की तरफ से वेलकम गिफ्ट प्राप्त होने की बात की जिससे उसके क्रेडिट कार्ड की जानकारी प्राप्त कर अलग अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से उसके खाते से तीन लाख 50 हजार 999 रूपये निकाल लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट करने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। घर में घुसकर महिला से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सैनिक कालोनी केहरी निवासी सुनील ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पडोस में रहने वाले ऋतु व सचिन चौहान उसके घर में घुस गये और उसकी पत्नी के साथ गाली गलौच करने लगे। उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# झपटमार गिरफ्तार, माल बरामद

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। हरिद्वार घूमने आयी एक महिला से बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा झपटमारी की घटना को अंजाम दिया गया। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक झपटमार को गिरफ्तार कर उसके पास से लूट का माल बरामद कर लिया है। हालांकि घटना को अंजाम देने वाला दूसरा आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार बीती 15 जुलाई को लखनऊ से हरिद्वार घूमने आई महिला प्रियका अग्निहोत्री निवासी प्लाट न. 191 अर्जुन गंज लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा नगर कोतवाली में दो अज्ञात बाइक सवारों द्वारा झप्पटामार कर उनका पर्स ले जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर झपटमारों की तलाश शुरू कर दी गयी। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए



एक सूचना के आधार पर औधौगिक रोड मारूति 2 व्लू बरसाती रपटे के पास से आरोपी राजेश कुमार पुत्र हरिशंकर निवासी शारदा घाट थाना टनकपुर वार्ड नम्बर 1 चम्पावत को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। जिसने पूछताछ में बताया कि उक्त घटना को उसने अपने साथी कलीम अंसारी उर्फ बंगारी पुत्र हलीम उर्फ लिम्बू निवासी ग्राम कटारपुर थाना पथरी हरिद्वार के साथ मिलकर अंजाम दिया था। जिसकी तलाश जारी है।

## घर के बाहर खडी मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर खडी मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बडा रामपुर निवासी राहुल कुमार ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*